अध्यक्ष केन्द्रीय चयन पर्षद
(सिपाही भर्ती) का कार्यालय
18 APR 2023
..............
बिहार (पटना)

पत्र संख्या–11/आ०–वि०–07/2021 सा.प्र. 7143

**बिहार सरकार**

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

रजनीश कुमार,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव।
सभी विभागाध्यक्ष।
सभी प्रमण्डलीय आयुक्त।
सभी जिला पदाधिकारी।
सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।
सचिव, बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना।
सचिव, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), पटना।
परीक्षा नियंत्रक, बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद, पटना।
निबंधक, महाधिवक्ता, बिहार का कार्यालय, उच्च न्यायालय, पटना।
सचिव, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना।

OSD/Conf. Sec
18/4

**पटना–15, दिनांक 13.04.2023**

**विषय :– भारत सरकार के सेवार्थ ओ०बी०सी० संबंधी क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र प्रारूप के संबंध में।**

महोदय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के परिपत्र संख्या–673 दिनांक–08.03.2011 एवं अधिसूचना संख्या–2622 दिनांक–26.02.2019 द्वारा बिहार राज्य के मूल निवासी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रयोजनों के निमित्त जाति/आय/आवास/क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण–पत्र निर्गत करने हेतु दिशा–निर्देश एवं प्रमाण–पत्रों का विहित प्रपत्र भी परिचारित किया गया है।

R.
MIA
Raj
18/04/23

उपर्युक्त के क्रम में परिपत्र संख्या–673 दिनांक–08.03.2011 (गजट सं०–61, दिनांक–09.03.2011) को इस हद तक संशोधित करते हुए बिहार राज्य में भारत सरकार के प्रयोजनार्थ निर्गत किये जाने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग (ओ०बी०सी०) का क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र प्रारूप फॉर्म–VII का संशोधित प्रारूप फॉर्म–VII A, जिसमें मात्र आवेदक/आवेदिका की जाति को ओ०बी०सी० की सूची में शामिल करने संबंधी भारत सरकार के संकल्प संख्या को अंकित करने का प्रावधान है, परिचारित करने का निर्णय लिया गया है। फॉर्म–VII का संशोधित हिन्दी प्रारूप फॉर्म–VII (क) एवं अंग्रेजी प्रारूप फॉर्म–VII A भी संलग्न है।

सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के परिपत्र संख्या–673 दिनांक–08.03.2011 द्वारा पूर्व में परिचारित बिहार सरकार के प्रयोजनार्थ क्रीमीलेयर रहित प्रमाण–पत्र का फॉर्म–X को संशोधित करते हुए इसके स्थान पर फॉर्म–X (क) को अधिसूचित किया जाता है (छायाप्रति संलग्न)।

**अनु०–यथोक्त।**

विश्वासभाजन,

13/04/2023.

(रजनीश कुमार)

सरकार के उप सचिव।

**ज्ञापांक–11/आ०–वि०–07/2021 सा.प्र.** 7143 **पटना–15, दिनांक–** 13.04.2023

**प्रतिलिपि**–महालेखाकार, बिहार पटना/सभी विश्वविद्यालय/सदस्य सचिव, पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, पटना/सचिव, अति पिछड़े वर्गों के लिए राज्य आयोग, बिहार, पटना/सचिव, राज्य महादलित आयोग, बिहार, पटना/सचिव, राज्य अनुसूचित जाति आयोग/सचिव, राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग/सचिव, उच्च जातियों के लिए राज्य आयोग/उप सचिव, राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना/उप सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना/सचिव, बिहार विधान सभा, बिहार, पटना/सचिव, बिहार विधान परिषद् बिहार, पटना/आई०टी० मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

13/04/2023.

सरकार के उप सचिव।

**ज्ञापांक–11/आ०–वि०–07/2021 सा.प्र.** 7143 **पटना–15, दिनांक–** 13.04.2023

**प्रतिलिपि**–प्रशासनिक पदाधिकारी, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी, बिहार, पटना को बिहार हेतु अधिसूचित ओ०बी०सी० की केन्द्रीय सूची, जो भारत सरकार के वेबसाइट से डाउनलोड की गई है, की प्रति सहित सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. अनुरोध है कि उपर्युक्त के आलोक में लोक सेवाओं के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत निर्गत किये जाने वाले ऑन–लाईन आवेदन की प्रक्रिया में एतद् संबंधी संशोधित प्रारूप के अनुरूप संशोधन कर अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनु०–यथोक्त।**

13/04/2023.

सरकार के उप सचिव।